चौपाल मैराथन : सोनीपत के अनिल व शर्मिला बने विजेता

▪ ओपन वर्ग में उत्तरप्रदेश के योगेंद्र और रोहतक की साक्षी ने मारी बाजी, केन्द्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

भास्कर न्यूज़ | सोनीपत

लोगों में स्वस्थ दिनचर्या के साथ महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव जगाने के उद्देश्य से आयोजित चौपाल मैराथन आओ भाजें सारे का एक और चरण सफलतापूर्वक पूरा हुआ। चूंकि इस बार की दौड़ महिलाओं को समर्पित थी तो महिलाओं ने अपना जलवा दिखाया भी। सोनीप की शर्मिला तीसरी बार विजेता बनी, जबकि पुरुष वर्ग की ओपन दौड़ में यूपी के बुलंदशहर से आए योगेन्द्र कुमार विजेता बने। ओपन वर्ग में रोहतक की साक्षी अव्वल रही। विजेताओं को केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह ने पुरस्कृत किया।

सोनीपत. चौपाल मैराथन दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल से शुरू होकर बैंयापुर स्थित चौपाल में पूरी हुई इस मैराथन में विभिन्न राज्यों आए करीब पांच हजार धावकों ने हिस्सा लिया।

...संबंधित खबर पेज चार पर भी

4 राज्यों से भाग लेने आए धावक

मैराथन में चार राज्यों हरियाणा, दिल्ली, यूपी एवं पंजाब के करीब पांच हजार धावकों ने हिस्सा लिया। रेस सुबह छोटूराम विवि, मुरथल से शुरू होकर बैंयापुर चौपाल में पूरी हुई। प्रतिभागियों का विभिन्न स्थानों पर चौपाल संस्था के चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह टोंक, विशिष्ट अतिथि सिक्किम के पूर्व राज्यपाल रणधीर सिंह सरोहा, अर्जुन अवार्डी प्रीतम सिवाच, सुनीता दलाल, सविता मोर, अनूप सिंह, अमित धनखड़, अमित सरोहा, कृष्ण सरोहा, बजरंग पुनिया, निर्मल, चौपाल की सचिव डॉ. मेधा, डीएसपी सतीश शर्मा, पूर्व एईओ जगबीर मलिक, डॉ. मोहिंद्र सिंह तथा कनुप्रिया आदि ने भी प्रतिभागियों का हौंसला बढ़ाया।

मैराथन में ये रहे शुरुआती तेज तीन धावक, अंडर 14 से 60 साल के बुजुर्ग ने भी उत्साह से लिया भाग

महिला 40 से 60		पुरुष 40 से 60		अंडर-14 लड़के		अंडर-14 लड़कियां		ओपन रेस पुरुष वर्ग		ओपन रेस महिला वर्ग		60 से अधिक आयु		60 से अधिक आयु	
शर्मिला	प्रथम	अनिल	प्रथम	अभय	प्रथम	ज्योति	प्रथम	योगेंद्र	प्रथम	साक्षी	प्रथम	हरमिंद्र	प्रथम	कमला	प्रथम
सुनीता	द्वितीय	नरेश	द्वितीय	मनदीप	द्वितीय	सुजाता	द्वितीय	दिनेश	द्वितीय	वर्षा	द्वितीय	बलवान	द्वितीय	रिशालो	द्वितीय
बीरमती	तृतीय	कुलदीप	तृतीय	अजय	तृतीय	अंश	तृतीय	सतेंद्र	तृतीय	मीनू	तृतीय	रामकुमार	तृतीय	किरण	तृतीय